## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 19.07.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, बाल अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 17.07.2026 को थाना मंगलपुर पर नियुक्त साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी व0उ0नि0 श्री कमलेश यादव को NCRP Portal पर बाल यौन शोषण सम्बन्धी शिकायत प्राप्त हुई, जिसकी जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि विवेक सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी लगरथा थाना मंगलपुर कानपुर देहात के नाम पर दर्ज 04 मोबाइल नम्बर से उक्त आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की गयी है। जिसके आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 205/2026 धारा 14(1)/15 पॉक्सो एक्ट व 67 बी आईटी एक्ट बनाम विवेक सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम लगरथा थाना मंगलपुर कानपुर देहात पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में जानकारी प्राप्त हुई विवेक उपरोक्त की मृत्यु हो चुकी है तथा उसके नाम पर दर्ज मोबाइल नम्बर उसके पुत्र कार्तिकय उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम लगरथा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा चलाये जा रहे हैं। विवेचना के क्रम में साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में विवेक सिंह उपरोक्त की नामजदगी गलत पाने पर अभियुक्त कार्तिकेय उपरोक्त का नाम प्रकाश में लाया गया। थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्त कार्तिकेय उपरोक्त को झींझक पुल के पास, थाना क्षेत्र मंगलपुर से आज दिनांक 19.07.2026 को पुलिस हिरासत में लिया गया । पुलिस हिरासत में लिये गये अभियुक्त कार्तिकेय उपरोक्त से नियमानुसार पूछताछ व आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त का नाम व पताः**

कार्तिकय उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र विवेक सिंह सेंगर निवासी ग्राम लगरथा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 205/2026 धारा 14(1)/15 पॉक्सो एक्ट व 67 बी आईटी एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1.थाना प्रभारी निरीक्षक श्री इन्द्रजीत सिंह

2. हे0कां0 29 अवनीश यादव

3. रि0कां0 1290 सोनू कुमार